## भाग I / Part I

### तर्क क्षमता / Reasoning Ability

**1.** तीन कथनों के बाद, तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न क्यों न हों, निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :**

- सभी कुर्सियाँ, मेज़ हैं।
- कुछ मेज़, कमरे हैं।
- सभी कमरे, दीवारें हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ दीवारें, कुर्सियाँ हैं।

II. कुछ कमरे, कुर्सियाँ हैं।

III. कुछ दीवारें, मेज़ हैं।

सही उत्तर चुनिए :

(1) सभी निष्कर्ष I, II और III निकलते हैं।

(2) केवल निष्कर्ष III निकलता है।

(3) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं।

(4) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं।

Three Statements are given followed by three Conclusions I, II and III. Assuming the Statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the given Conclusion(s) logically follow/follows from the Statements.

**Statements :**

- All chairs are tables.
- Some tables are rooms.
- All rooms are walls.

**Conclusions :**

I. Some walls are chairs.

II. Some rooms are chairs.

III. Some walls are tables.

Choose the correct answer :

(1) All Conclusions I, II and III follow.

(2) Only Conclusion III follows.

(3) Only Conclusions I and II follow.

(4) Only Conclusions II and III follow.



**2.** नीचे एक प्रश्न दिया गया है, जिसके बाद दो कथन I और II, प्रत्येक कुछ जानकारी सहित दिए गए हैं। निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है/हैं।

**प्रश्न :**

D के कितने पुत्र हैं?

**कथन :**

I. D का विवाह A से हुआ है और उसके तीन बच्चे हैं।

II. B, A का भाई है और उसके तीन पुत्र हैं।

सही उत्तर चुनिए :

(1) कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त नहीं हैं।

(2) कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने हेतु आवश्यक हैं।

(3) कथन I अकेला प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन II अकेला पर्याप्त नहीं है।

(4) कथन II अकेला प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन I अकेला पर्याप्त नहीं है।

Given below is a question followed by two Statements numbered I and II, each containing some information. Decide which of the Statement(s) is/are sufficient to answer the question.

**Question :**

How many sons does D have ?

**Statements :**

I. D is married to A and has three children.

II. B is A's brother and has three sons.

Choose the correct answer :

(1) Both Statements I and II together are not sufficient to answer the question.

(2) Both Statements I and II together are necessary to answer the question.

(3) Statement I alone is sufficient to answer the question while Statement II alone is not sufficient.

(4) Statement II alone is sufficient to answer the question while Statement I alone is not sufficient.

**3.** संजीव पूर्व की ओर 3 किमी जाता है और फिर दक्षिण की ओर मुड़ता है और 3 किमी जाता है। वह फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 6 किमी जाता है। इसके बाद, वह उत्तर की ओर मुड़ता है और 15 किमी जाता है। अब वह अपने आरंभिक बिन्दु से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है?

(1) 21 किमी, दक्षिण-पश्चिम

(2) 12 किमी, उत्तर-पूर्व

(3) 15 किमी, उत्तर-पूर्व

(4) 18 किमी, दक्षिण-पश्चिम


Sanjeev travels 3 km towards East and then turns to the South and travels 3 km. He again turns to the East and travels 6 km. After this, he turns to the North and travels 15 km. How far and in which direction is he from his starting point now ?

(1) 21 km, South-West

(2) 12 km, North-East

(3) 15 km, North-East

(4) 18 km, South-West



4. 10 पुस्तकों के एक ढेर में, 3 भूगोल, 3 हिन्दी, 2 गणित और 2 अर्थशास्त्र की पुस्तकें हैं। ऊपर से शुरू करने पर, अर्थशास्त्र की एक पुस्तक भूगोल और गणित की पुस्तकों के बीच में है, एक भूगोल की पुस्तक गणित और अर्थशास्त्र की पुस्तकों के बीच में है, एक हिन्दी की पुस्तक अर्थशास्त्र और गणित की पुस्तकों के बीच में है, एक गणित की पुस्तक दो हिन्दी पुस्तकों के बीच में और दो हिन्दी पुस्तकें गणित और भूगोल की पुस्तकों के बीच में हैं। कौन-से विषय की पुस्तक ऊपर से छठे स्थान पर है ?

(1) गणित (2) भूगोल

(3) हिन्दी (4) अर्थशास्त्र

In a pile of 10 books, there are 3 of Geography, 3 of Hindi, 2 of Mathematics and 2 of Economics. Starting from above, there is an Economics book between a Geography and a Mathematics book, a Geography book between a Mathematics and an Economics book, a Hindi book between an Economics and a Mathematics book, a Mathematics book between two Hindi books and two Hindi books between a Mathematics and a Geography book. Which subject's book is at the sixth position from the top ?

(1) Mathematics (2) Geography

(3) Hindi (4) Economics

5. उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) का स्थान ले सके।

3, 3, 9, 15, 33, (?)

(1) 63 (2) 51 (3) 75 (4) 67

Select the number that will replace the question mark (?) in the following series.

3, 3, 9, 15, 33, (?)

(1) 63 (2) 51 (3) 75 (4) 67



## भाग II / Part II

### संख्यात्मक क्षमता / Numeric Ability

6. यदि $\left(\dfrac{9^{r+\frac{1}{4}} \times \sqrt{3^{1-r}}}{\sqrt{9 \times 3^{-r}}}\right)^{\frac{1}{r}} = (81)^r$ है, तो r का मान क्या है ?

(1) $\frac{3}{2}$

(2) $\frac{1}{2}$

(3) 1

(4) 2

If $\left(\dfrac{9^{r+\frac{1}{4}} \times \sqrt{3^{1-r}}}{\sqrt{9 \times 3^{-r}}}\right)^{\frac{1}{r}} = (81)^r$, then what is the value of r ?

(1) $\frac{3}{2}$

(2) $\frac{1}{2}$

(3) 1

(4) 2

7. श्रेणी $1 + \frac{1}{3} + \frac{1}{6} + \frac{1}{10} + \ldots$ के पहले 20 पदों का योगफल निम्न के बीच में स्थित है :

(1) 1·9 और 2

(2) 1·8 और 1·9

(3) 1·7 और 1·8

(4) 1·6 और 1·7

The sum of first 20 terms of the series $1 + \frac{1}{3} + \frac{1}{6} + \frac{1}{10} + \ldots$ lies between :

(1) 1·9 and 2

(2) 1·8 and 1·9

(3) 1·7 and 1·8

(4) 1·6 and 1·7

**8.** रेखा का व्यय उसकी बचत से 125% अधिक है। यदि उसकी आय में 4% की कमी और बचत में 44·5% की कमी होती है, तो उसके व्यय में x% की वृद्धि होती है। x का मान क्या है?

(1) 13 (2) 12
(3) 14 (4) 15

Rekha's expenditure is 125% more than her savings. If her income decreases by 4% and savings decrease by 44·5%, then her expenditure increases by x%. What is the value of x ?

(1) 13 (2) 12
(3) 14 (4) 15

**9.** $\dfrac{(12\cdot12)^2 - (8\cdot12)^2}{(0\cdot25)^2 + 0\cdot25 \times 19\cdot99}$ का मान है :

(1) 4 (2) 1
(3) $\dfrac{1}{4}$ (4) 16

The value of $\dfrac{(12\cdot12)^2 - (8\cdot12)^2}{(0\cdot25)^2 + 0\cdot25 \times 19\cdot99}$ is :

(1) 4 (2) 1
(3) $\dfrac{1}{4}$ (4) 16

**10.** किसी संख्या को जब उत्तरोत्तर 2, 3 और 5 से भाग दिया जाता है, तो शेषफल क्रमशः 1, 2 और 3 प्राप्त होते हैं। 100 और 200 के बीच ऐसी कितनी संख्याएँ हैं?

(1) 4
(2) 3
(3) 5
(4) 2

A number when successively divided by 2, 3 and 5, leaves the remainders 1, 2 and 3 respectively. How many such numbers are there between 100 and 200 ?

(1) 4
(2) 3
(3) 5
(4) 2



## भाग III / Part III

### सामान्य जागरूकता / General Awareness

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य महाराष्ट्र राज्य से यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होने वाली पहली संपत्ति है।

II. इस परिदृश्य में महाराष्ट्र के साथ तमिलनाडु में भी फैले किलाओं का गुच्छ अंतर्विष्ट है।

सही उत्तर चुनिए :

(1) न तो I न ही II सही है। (2) केवल I सही है।
(3) केवल II सही है। (4) I और II दोनों सही हैं।

Consider the following statements :

I. The Maratha Military Landscapes of India is the first property from the state of Maharashtra to be included in the World Heritage List, UNESCO.

II. The landscape includes a cluster of forts that spread across Maharashtra as well as Tamil Nadu.

Choose the correct answer :

(1) Neither I nor II is correct. (2) Only I is correct.
(3) Only II is correct. (4) Both I and II are correct.

**12.** निम्नलिखित में से किसे/किन्हें वर्ष 1976 में भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्त्व के रूप में अंतःस्थापित किया गया?

I. ग्राम पंचायतों का गठन

II. कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण

III. समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल I और II (2) केवल I और III
(3) केवल II (4) केवल III

Which of the following was/were inserted as part of the Directive Principles of State Policy in the Indian Constitution in the year 1976 ?

I. Organization of village panchayats

II. Separation of the judiciary from the executive

III. Equal justice and free legal aid

Choose the correct answer :

(1) Only I and II (2) Only I and III
(3) Only II (4) Only III

13. निम्नलिखित में से किस संघ राज्यक्षेत्र में ग्राम स्तर पर पंचायत *नहीं* है ?

(1) पुडुचेरी (2) लक्षद्वीप
(3) चंडीगढ़ (4) दमन और दीव

Which of the following Union Territories has *no* panchayats at village level ?

(1) Puducherry (2) Lakshadweep
(3) Chandigarh (4) Daman and Diu

14. विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित वैश्विक जोखिम रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे पहले नम्बर के वैश्विक जोखिम के रूप में स्वीकृत किया गया है ?

(1) पृथ्वी तंत्रों में क्रांतिक परिवर्तन (2) भू-आर्थिक टकराव
(3) राज्य-आधारित सशस्त्र संघर्ष (4) साइबर युद्ध

According to the Global Risks Report, 2025 published by the World Economic Forum, which of the following has been voted as the number one current global risk ?

(1) Critical change to Earth systems (2) Geo-economic confrontation
(3) State-based armed conflict (4) Cyber warfare

15. साहित्य अकादमी द्वारा हिन्दी भाषा में बाल साहित्य पुरस्कार, 2025 के लिए चयनित पुस्तक का शीर्षक क्या है ?

(1) *तारा की अनोखी यात्रा* (2) पेपर चोर
(3) एक बटे बारह (4) *अपनी धरती*

What is the title of the book selected by the Sahitya Akademi for the Bal Sahitya Puraskar, 2025 in Hindi language ?

(1) *Tara ki Anokhi Yatra* (2) *Paper Chor*
(3) *Ek Batey Barah* (4) *Apni Dharti*

16. निम्नलिखित में से कौन-सा/से द्रव ईंधन का/के उदाहरण है/हैं ?

I. नैफ्था
II. लिग्नाइट
III. गैसोलीन

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल III (2) केवल I और III (3) केवल II और III (4) केवल I

Which of the following is/are example(s) of liquid fuels ?

I. Naphtha
II. Lignite
III. Gasoline

Choose the correct answer :

(1) Only III (2) Only I and III (3) Only II and III (4) Only I



17. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. पॉक्सो एक ऐसा नियम है जिसके अधीन बालक पर हुए लैंगिक हमला और उसके लैंगिक उत्पीड़न दोनों के लिए दंड का उपबंध किया गया है।
II. पॉक्सो में लैंगिक हमला की परिभाषा बलात्कार तक सीमित है।

सही उत्तर चुनिए :

(1) केवल I सही है। (2) केवल II सही है।
(3) I और II दोनों सही हैं। (4) न तो I न ही II सही है।

Consider the following statements with regard to the Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act :

I. POCSO is a law which penalizes both sexual assault and sexual harassment of a child.
II. The definition of sexual assault in POCSO is limited to rape.

Choose the correct answer :

(1) Only I is correct. (2) Only II is correct.
(3) Both I and II are correct. (4) Neither I nor II is correct.

18. अगस्त 2025 में, वर्ष 2023 के 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। निम्नलिखित में से किस फिल्म को किसी निर्देशक के सर्वोत्कृष्ट पहली फिल्म के लिए स्वर्ण कमल पुरस्कार से विभूषित किया गया ?

(1) पुष्कर (2) डीप फ्रिज
(3) पाई तांग (4) मऊ : द स्पिरिट ड्रीम्स ऑफ चेरॉ

The announcement for the 71st National Film Awards for the year 2023 was made in August 2025. Which of the following films bagged the Swarna Kamal for the Best Debut Film of a Director ?

(1) Pushkara (2) Deep Fridge
(3) Pai Tang (4) Mau : The Spirit Dreams of Cheraw

19. निम्नलिखित में से किस विकल्प से 'जतन' का सही वर्णन होता है ?

(1) आभासी संग्रहालय निर्माता के लिए सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म
(2) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए सरकारी योजना
(3) हल्के वजन वाला बुलेटप्रूफ जैकेट
(4) भारतीय नौसेना का युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो

Which of the following options is an accurate description of 'JATAN' ?

(1) A platform, software for virtual museum builder
(2) Government scheme for primary school children
(3) A lightweight bulletproof jacket
(4) Indian Navy's Warship Design Bureau

20. उस सबमर्सिबल का क्या नाम है जिसमें दो भारतीय जलयात्रियों ने अगस्त, 2025 में गहरे सागर में 5000 मीटर तक गोता लगाया ?

(1) ट्राइटन (2) शिंकाई 6500 (3) नॉटाइल (4) मीर I

What is the name of the submersible in which two Indian aquanauts took a deep dive up to 5000 metres in deep sea in August 2025 ?

(1) TRITON (2) Shinkai 6500 (3) Nautile (4) Mir I

भाग IV / Part IV

**शैक्षणिक और आवासीय पहलू / Academics and Residential Aspects**

**21.** एक प्रधानाचार्य निम्नलिखित तरीके से समावेशन सुनिश्चित कर सकता है :

(1) हर सप्ताह प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम आयोजित करके व विजेता छात्रों को ईनाम देकर

(2) सभी बच्चों को भागीदारी के समान अवसर प्रदान करके

(3) शिक्षकों को यह बताकर कि वे कार्यक्रमों के लिए केवल कुछ 'अच्छे' छात्रों का चयन करें

(4) उच्च-उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राथमिकता देकर

A principal can ensure inclusion by :

(1) holding competitive events every week and giving prizes to winners

(2) providing equal opportunities of participation to all children

(3) telling the teachers to select only few 'good' students for events

(4) giving preference to high-achieving students

**22.** बाल-केंद्रित कक्षा में, शिक्षक :

(1) की भूमिका बहुत ही निष्क्रिय होती है और छात्र पूरी तरह से कक्षा का संचालन करते हैं।

(2) एक तानाशाह की भूमिका में होता है जबकि बच्चे निष्क्रिय होते हैं।

(3) की कोई भूमिका नहीं होती है।

(4) सीखने की परिस्थितियाँ बनाकर सुसाधन करने में सक्रिय भूमिका निभाता है।

In a child-centric classroom, the teacher :

(1) has a very passive role and the students totally run the classroom.

(2) has the role of a dictator while the children are passive.

(3) does not have any role.

(4) has an active role in facilitation by creating learning situations.

**23.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2023 के अनुसार, एक स्कूल प्रधानाचार्य से अपेक्षा की जाती है कि वह :

(1) तानाशाह की तरह काम करे और शिक्षकों में भय पैदा करे।

(2) शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों के साथ संवाद सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करे।

(3) शिक्षकों की उनकी कक्षाओं में स्वतंत्रता को सीमित करे।

(4) खराब परिणामों के लिए शिक्षकों को दंडित करे।

As per National Curriculum Framework (NCF) 2023, a school principal is expected to :

(1) act as a dictator and create fear among teachers.

(2) work towards ensuring dialogue with teachers and support staff.

(3) limit the freedom of teachers in their classrooms.

(4) punish the teachers for poor results.



**24.** प्रभावी अधिगम तब होता है जब :

(1) शिक्षक के पास बच्चों के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर होता है।

(2) कक्षा में केवल छात्र ही प्रश्न पूछते हैं।

(3) शिक्षक और छात्र दोनों प्रश्न पूछते हैं और उत्तर खोजने का प्रयास करते हैं।

(4) कक्षा में केवल शिक्षक ही प्रश्न पूछते हैं।

Effective learning takes place when :

(1) the teacher has answers to each and every question of the children.

(2) only the students ask questions in the classroom.

(3) both the teachers and the students ask questions and try to find answers.

(4) only the teachers ask questions in the classroom.

**25.** सार्थक शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा महत्वपूर्ण है ?

(1) पढ़ाने के लिए केवल व्याख्यान पद्धति का प्रयोग

(2) बच्चों की क्षमताओं में विश्वास

(3) कार्य की नकल करने के अवसर

(4) कठोर अनुशासन और विमुख शिक्षक

Which of the following is important to ensure meaningful learning ?

(1) Using only lecture method to teach

(2) Belief in children's abilities

(3) Opportunities for copying work

(4) Strict discipline and unfriendly teachers

**26.** प्रशंसा को प्रभावी बनाने के लिए :

(1) उसे बार-बार दोहराया जाना चाहिए।

(2) इसमें वास्तविक प्रयासों और उपलब्धियों को मान्यता दी जानी चाहिए।

(3) उसे कभी भी दूसरों के सामने नहीं करना चाहिए।

(4) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रशंसा और दण्ड में संतुलन समान रूप से हो।

For praise to be effective :

(1) it must be repeated very frequently.

(2) it should recognize genuine efforts and accomplishments.

(3) it should never be given in front of others.

(4) it must be ensured that praise is balanced equally by punishment.

**27.** मूल्यांकन और अधिगम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) मूल्यांकन को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न अंग होना चाहिए।
(2) मूल्यांकन केवल सत्र के अंत में ही किया जाना चाहिए।
(3) मूल्यांकन केवल 'कागज़ और पेंसिल परीक्षणों' के माध्यम से किया जाना चाहिए।
(4) मूल्यांकन ऐसा होना चाहिए कि जो मूल्यांकन किया जाएगा, अधिगम केवल उसके अनुसार हो।

Which of the following statements is correct in the context of assessment and learning ?

(1) Assessment needs to be an integral part of the teaching-learning process.
(2) Assessment needs to be conducted only at the end of the term.
(3) Assessment should be done only through 'paper-and-pencil tests'.
(4) Assessment should be such that the learning takes place only according to what would be assessed.

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक सार्थक अधिगम के लिए प्रभावी *नहीं* है ?

(1) विस्तृत पूर्वाभ्यास (2) अवधारणात्मक मानचित्रण
(3) बिना समझे जानकारी दोहराना (4) प्रयोग और जाँच

Which of the following is *not* an effective technique for meaningful learning ?

(1) Elaborative rehearsal (2) Concept mapping
(3) Repeating information without understanding (4) Experimentation and Inquiry

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'पाठ्यचर्या' में शामिल है ?

(1) केवल किसी विशेष कक्षा में पढ़ाई जाने वाली विषय-वस्तु
(2) केवल पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों की सूची
(3) केवल समय-सारणी
(4) छात्रों को प्रदान किए जाने वाले समग्र अनुभव

Which of the following is included in a 'Curriculum' ?

(1) Subject-matter taught in a particular class only
(2) Syllabus and list of textbooks only
(3) The time-table only
(4) Totality of experiences provided to the students

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति छात्रों को प्रभावी समस्या-समाधानकर्ता और आलोचनात्मक विचारक बनने से रोकेगी ?

(1) स्मरण और रटना
(2) छात्रों को विचारशील अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करना
(3) विभिन्न दृष्टिकोणों पर विचार-मंथन
(4) अंतर-संबंधों का निर्माण

Which of the following strategies would hinder students from becoming effective problem-solvers and critical thinkers ?

(1) Recall and Rote
(2) Encouraging students to make thoughtful guesses
(3) Brainstorming different perspectives
(4) Building inter-connections



**31.** 'भावनात्मक बुद्धिमत्ता' से तात्पर्य है :

(1) समस्याओं को रचनात्मक रूप से हल करने की क्षमता।
(2) भावनाओं से बचने और उन्हें दबाने की क्षमता।
(3) संज्ञानात्मक विकास से संबंधित क्षमताओं का एक समूह।
(4) क्षमताओं का एक समूह जो व्यक्तियों को भावनाओं को संसाधित करने में सक्षम बनाता है।

'Emotional Intelligence' refers to :

(1) the ability to solve problems creatively.
(2) the ability to avoid and suppress emotions.
(3) a set of abilities related to cognitive development.
(4) a set of abilities that enable individuals to process emotions.

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति ऐसे व्यक्ति को दर्शाती है जिसमें भावनात्मक बुद्धि की कमी है ?

(1) एक शिक्षक जो अपने साथी शिक्षक की बात धैर्यपूर्वक सुनता है
(2) एक शिक्षक बातचीत करके एक छात्र को शांत करने में मदद करता है
(3) एक प्रधानाचार्य जो सार्वजनिक रूप से एक शिक्षक की बार-बार आलोचना करता है
(4) एक प्रधानाचार्य जो अपने शिक्षकों को प्रेरित करता है

Which of the following situations shows an individual who lacks emotional intelligence ?

(1) A teacher who listens patiently to a fellow teacher
(2) A teacher helping a student calm down by talking
(3) A principal repeatedly criticising a teacher publicly
(4) A principal motivating his teachers

**33.** मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य है :

(1) सीखने का समर्थन और संवर्धन करना।
(2) छात्रों का उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण के रूप में नामीकरण करना।
(3) स्कूलों और शिक्षकों के प्रदर्शन की तुलना करना।
(4) अंकों के आधार पर छात्रों को श्रेणीबद्ध करना।

The main purpose of assessment is :

(1) supporting and enhancing learning.
(2) labelling students as pass or fail.
(3) comparing schools' and teachers' performance.
(4) ranking students in terms of marks.

**34.** विविध शिक्षार्थियों को सुसाधित करने के लिए कौन-सी मूल्यांकन रणनीति उपयुक्त है ?

(1) मौखिक परीक्षा (2) समयबाध्य बहुविकल्पीय प्रश्न
(3) एकल प्रकार लिखित परीक्षा (4) भिन्न प्रकार के मूल्यांकन

Which assessment strategy is suited to facilitate diverse learners ?

(1) Oral test (2) Time-bound multiple choice questions
(3) Single type-written test (4) Multiple types of assessment

35. किशोरों के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है :
(1) वस्तु स्थायित्व (2) अपनी पहचान खोजना
(3) शर्म बनाम स्वायत्तता (4) अवसादग्रस्तता

The most important issue that adolescents are grappling with is :
(1) object permanence (2) finding their own identity
(3) shame vs autonomy (4) separation anxiety

36. किशोरों में चिंतन :
(1) अतार्किक और तर्कहीन होता है।
(2) अमूर्त और आदर्शवादी होता है।
(3) उनकी कौशल क्रियाओं के माध्यम से प्रतिबिंबित होता है।
(4) ठोस और प्रतीकात्मक होता है।

Adolescents' thought is :
(1) illogical and irrational.
(2) abstract and idealistic.
(3) reflected through their motor actions.
(4) concrete and symbolic.

37. प्रगतिशील कक्षा की एक अनिवार्य विशेषता यह है कि :
(1) बच्चों को सिखाने के लिए भारी मात्रा में भय और तनाव का उपयोग किया जाता है।
(2) सीखने की प्रक्रिया में बच्चों की आवाज़ शामिल हो और वे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदार हों।
(3) सीखना केवल व्यवहार और उचित प्रतिक्रियाओं का अनुकूलन है।
(4) सीखना व्यक्तिगत है और इसमें सामाजिक संपर्क की आवश्यकता नहीं होती।

An essential characteristic of a progressive classroom is that :
(1) large amount of fear and stress is used to make children learn.
(2) children have a voice and they are actively engaged in the process of learning.
(3) learning is only conditioning of behaviour and the appropriate responses.
(4) learning is individualistic and does no require social interaction.

38. लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास के किस चरण में व्यक्तियों के निर्णय केवल सामाजिक कानूनों द्वारा परिभाषित सिद्धांतों तक सीमित नहीं रहते व न्याय के सिद्धांतों पर आधारित होते हैं ?
(1) स्वायत्त स्तर (2) पारंपरिक स्तर
(3) पूर्व-पारंपरिक स्तर (4) उत्तर-पारंपरिक स्तर

At which stage of Lawrence Köhlberg's moral development are individuals' judgements based on principles of justice and not limited to those defined by the societal laws ?
(1) Autonomous level (2) Conventional level
(3) Pre-conventional level (4) Post-conventional level



39. कौन-सी पालन-पोषण शैली बच्चों के लिए सकारात्मक भावनात्मक संदर्भ बनाती है ?
(1) सौहार्दपूर्ण पालन-पोषण (2) तानाशाह पालन-पोषण
(3) उदासीन पालन-पोषण (4) अनुमोदक पालन-पोषण

Which parenting style creates a positive emotional context for children ?
(1) Warm involved parenting (2) Authoritarian parenting
(3) Indifferent parenting (4) Permissive parenting

40. बुद्धि के माप के रूप में IQ (बुद्धि लब्धि) :
(1) शैक्षिक परिवेश में पूरी तरह से व्यर्थ है।
(2) का उपयोग उन बच्चों की पहचान करने के लिए किया जाना चाहिए जिन्हें पढ़ाया नहीं जा सकता।
(3) का उपयोग सावधानीपूर्वक तथा अवलोकन जैसे अन्य साधनों के साथ किया जाना चाहिए।
(4) व्यक्ति की खुशी और सफलता का सटीक पूर्वानुमान है।

IQ as a measure of intelligence :
(1) is totally useless in educational settings.
(2) should be used to identify children who cannot be taught.
(3) should be used cautiously and along with other tools such as observation.
(4) is an accurate predictor of an individual's happiness and success.

41. बच्चों का विकास :
(1) सामाजिक और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में होता है।
(2) अपने पर्यावरण से बिल्कुल स्वतंत्र है।
(3) एक दिशा में केवल अंदर से बाहर की ओर ही अग्रसर होता है।
(4) आयु मानदंडों के अनुसार निर्धारित समय-सारणी का सख़्ती से पालन करता है।

Children's development :
(1) takes place in a social and cultural context.
(2) is totally independent of their environment.
(3) moves in only one direction from inwards to outwards.
(4) rigidly follows a set time-table as per the age norms.

42. जब कोई छात्र चिंता या अवसाद के लक्षण दिखाता है, तो प्रधानाचार्य को चाहिए कि :
(1) एकाग्रता की कमी के लिए छात्र को दंडित करे।
(2) इसे एक अस्थायी चरण के रूप में अनदेखा करे।
(3) परामर्श और सहायक हस्तक्षेप की सुविधा प्रदान करे।
(4) छात्र को दूसरे स्कूल में स्थानांतरित करे।

When a student shows signs of anxiety or depression, the principal should :
(1) punish the student for lack of concentration.
(2) ignore it as a temporary phase.
(3) facilitate counselling and supportive interventions.
(4) transfer the student to another school.

43. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र – 'परख' (समग्र विकास के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण) के लिए मानक-निर्धारण निकाय है ?
(1) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)
(2) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)
(3) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)
(4) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)

Which of the following is the standard-setting body for the National Assessment Centre – 'PARAKH' (Performance Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development) ?
(1) Central Board of Secondary Education (CBSE)
(2) Indira Gandhi National Open University (IGNOU)
(3) University Grants Commission (UGC)
(4) National Council of Educational Research and Training (NCERT)

44. एक स्कूल प्रधानाचार्य के लिए कौन-सी नेतृत्व शैली सबसे प्रभावी है ?
(1) निरंकुश और अनम्य
(2) अलग और भावशून्य
(3) तानाशाही और कठोर
(4) सहयोगात्मक और समावेशी

What leadership style is most effective for a school principal ?
(1) Autocratic and inflexible
(2) Detached and unemotional
(3) Dictatorial and rigid
(4) Collaborative and inclusive

45. शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (NPST) मुख्यत: क्या बताते हैं ?
(1) शिक्षकों के लिए कैरियर प्रबंधन मानदंड
(2) शिक्षक निगरानी और मूल्यांकन
(3) प्रदर्शन मूल्यांकन के मानक
(4) शिक्षकों से अपेक्षाएँ व उनकी भूमिका

What do the National Professional Standards for Teachers (NPST) primarily state ?
(1) Career Management Norms for Teachers
(2) Teacher Monitoring and Appraisal
(3) Standards for Performance Appraisal
(4) Expectations and Role of Teachers



46. स्कूल प्रधानाचार्य की भूमिका और उत्तरदायित्वों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(1) एक प्रधानाचार्य को सभी शिक्षकों और कक्षाओं के व्यक्तिगत मतभेदों को ध्यान में रखे बिना पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति को मानकीकृत बनाना चाहिए।
(2) एक प्रधानाचार्य को समावेशी शिक्षा के लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों और समुदाय को भी शामिल करना चाहिए।
(3) एक प्रधानाचार्य को कक्षा की किसी भी गतिविधि का निरीक्षण नहीं करना चाहिए तथा शिक्षण का कार्य शिक्षकों पर छोड़ देना चाहिए।
(4) एक प्रधानाचार्य को सभी पाठ्यपुस्तकें और परीक्षा पत्र स्वयं तैयार करने चाहिए।

Which of the following statements regarding the role and responsibilities of a School Principal is correct ?
(1) A principal should standardise the curriculum and pedagogy for all teachers and classes irrespective of individual differences.
(2) A principal should involve parents and the community along with the teachers for inclusive education.
(3) A principal should not observe any classroom activities and leave teaching to the teachers.
(4) A principal should prepare all textbooks and the examination papers personally.

47. शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (NPST) के दिशानिर्देश अर्जित दक्षताओं के आधार पर शिक्षकों के निम्नलिखित तीन स्तर निर्दिष्ट करते हैं :
(1) नौसिखिया, प्रशिक्षु और अनुभवी
(2) प्रवीण, उन्नत और कुशल
(3) शुरुआती, शिशिक्षु और कुशल
(4) प्रतिवर्ती, प्रतिबिंबित और चिंतनशील

The guidelines of the National Professional Standards for Teachers (NPST) specify the following three levels of teachers on the basis of acquired competencies :
(1) Novice, Trainee and Experienced
(2) Proficient, Advanced and Expert
(3) Beginner, Apprentice and Skilled
(4) Reflexive, Reflecting and Reflective

48. कक्षा के नियम किस प्रकार के होने चाहिए ?
(1) जटिल और पेचीदा
(2) नीति निर्माताओं द्वारा तय किए गए
(3) स्पष्ट, सुसंगत और पारस्परिक रूप से सहमतिपूर्वक तय किए हुए
(4) छात्रों से गुप्त रखे हुए

Classroom rules should be :
(1) complicated and tricky.
(2) decided by the policy makers.
(3) clear, consistent and mutually agreed upon.
(4) kept secret from the students.

49. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुसार, स्कूल प्रधानाचार्यों के लिए सतत व्यावसायिक विकास में क्या शामिल होना चाहिए ?

(1) शिक्षक भर्ती के लिए नीतियों और नियमों की समझ
(2) शिक्षा पर राष्ट्रीय स्तर की समितियाँ और आयोगों में भागीदारी
(3) नेतृत्व और प्रबंधन तथा विषय-वस्तु और शिक्षाशास्त्र की समझ
(4) वित्तीय निवेश कौशल और कर नीतियों की समझ

According to National Education Policy (NEP) 2020, Continuous Professional Development for School Principals should include :

(1) Understanding of Policies and Rules for Teacher Recruitment
(2) Participation in National Level Committees and Commissions on Education
(3) Understanding of Leadership and Management and Content and Pedagogy
(4) Understanding of Financial Investment Skills and Tax Policies

50. प्रभावी कक्षा प्रबंधन का एक प्रमुख तत्त्व है :

(1) छात्रों को जो चाहे करने की स्वतंत्रता देना।
(2) सकारात्मक छात्र-शिक्षक संबंध बनाए रखना।
(3) छात्रों को समझे बिना विषय-वस्तु पढ़ाना।
(4) हर गलती के लिए छात्रों को शारीरिक दंड देना।

A key element of effective classroom management is :

(1) leaving the students free to do whatever they want.
(2) maintaining a positive student-teacher relationship.
(3) teaching content without understanding the students.
(4) physically punishing the students for every mistake.



## भाग V / Part V

### प्रशासन एवं वित्त / Administration and Finance

51. छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ लेने के लिए यात्रा की तिथि पर पूरी की गई निरंतर सेवा की न्यूनतम अवधि क्या है ?

(1) एक वर्ष (2) दो वर्ष
(3) छः माह (4) पाँच वर्ष

What is the minimum period of continuous service to be completed on the date of journey for availing of Leave Travel Concession ?

(1) One year (2) Two years
(3) Six months (4) Five years

52. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत, आंतरिक शिकायत समिति के पीठासीन अधिकारी के पद पर बने रहने की अधिकतम विहित अवधि क्या है ?

(1) पाँच वर्ष (2) दो वर्ष (3) तीन वर्ष (4) एक वर्ष

What is the maximum period prescribed, under the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013, for Presiding Officer of the Internal Complaint Committee to hold the office ?

(1) Five years (2) Two years (3) Three years (4) One year

53. आयकर अधिनियम, 1961 निम्नलिखित में से किस तिथि से अस्तित्व में आया ?

(1) 1 जुलाई, 1962 (2) 1 अप्रैल, 1962
(3) 1 अक्टूबर, 1962 (4) 1 जनवरी, 1962

The Income Tax Act, 1961, came into existence with effect from which of the following dates ?

(1) 1st July, 1962 (2) 1st April, 1962
(3) 1st October, 1962 (4) 1st January, 1962

54. निम्नलिखित में से कौन-सा भत्ता आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत 'वेतन' का हिस्सा *नहीं* है ?

(1) महँगाई भत्ता (2) निर्वाहन भत्ता
(3) वर्दी भत्ता (4) प्रतिपूरक भत्ता

Which of the following allowances is *not* a part of the term 'Salaries' under the Income Tax Act, 1961 ?

(1) Dearness Allowance (2) Subsistence Allowance
(3) Uniform Allowance (4) Compensatory Allowance

55. निम्नलिखित में से किस राशि तक सरकारी क्रेता जैम पोर्टल पर उपलब्ध आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से प्रत्यक्ष ऑनलाइन खरीद के लिए अपेक्षित गुणवत्ता, विनिर्देश और वितरण अवधि के अनुरूप जैम पोर्टल का उपयोग कर सकेंगे ?

(1) ₹ 30,000 (2) ₹ 50,000
(3) ₹ 10,000 (4) ₹ 5,000

Up to which of the following amounts GeM portal shall be utilised by the Government buyers for direct online purchases, through any of the available suppliers on GeM portal, matching the requisite quality, specification and delivery period ?

(1) ₹ 30,000 (2) ₹ 50,000
(3) ₹ 10,000 (4) ₹ 5,000

**56.** नेतृत्व की कौन-सी शैली शिक्षकों को निर्णय लेने तथा पाठशाला की दिशा तय करने में भाग लेने हेतु सशक्त करती है ?

(1) परिवर्तनकारी नेतृत्व
(2) अहस्तक्षेपी नेतृत्व
(3) लोकतांत्रिक नेतृत्व
(4) निरंकुश नेतृत्व

Which leadership style empowers teachers to make decisions and participate in giving direction to the school ?

(1) Transformational leadership
(2) Laissez-faire leadership
(3) Democratic leadership
(4) Autocratic leadership

**57.** भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) द्वारा निम्नलिखित में से किस दंड कानून को प्रतिस्थापित किया गया है ?

(1) भारतीय साक्ष्य अधिनियम
(2) दंड प्रक्रिया संहिता
(3) भारतीय दंड संहिता
(4) सिविल प्रक्रिया संहिता

Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS) replaced which of the following criminal laws ?

(1) Indian Evidence Act
(2) Criminal Procedure Code
(3) Indian Penal Code
(4) Civil Procedure Code

**58.** आई.सी.टी. का विस्तारित रूप क्या है ?

(1) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
(2) बुद्धिमान संचार प्रौद्योगिकी
(3) औद्योगिक कंप्यूटर प्रौद्योगिकी
(4) इंटरनेट तथा कंप्यूटर प्रौद्योगिकी

What does ICT stand for ?

(1) Information and Communication Technology
(2) Intelligent Communication Technology
(3) Industrial Computer Technology
(4) Internet and Computer Technology

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षा में प्रयुक्त होने वाला आई.सी.टी. साधन *नहीं* है ?

(1) सोशल मीडिया (सामाजिक माध्यम)
(2) शैक्षिक ऐप्स
(3) पाठ्यपुस्तकें
(4) ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म

Which of the following is *not* an ICT tool used in education ?

(1) Social media
(2) Education apps
(3) Textbooks
(4) Online learning platforms



**60.** केन्द्रीय सिविल सेवाओं के समूह 'क' की नियुक्ति करने की शक्ति सामान्यत: निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी के पास निहित है ?

(1) कार्यालय अध्यक्ष
(2) विभागाध्यक्ष
(3) राष्ट्रपति
(4) महालेखाकार

The power to make appointments to Central Civil Services Group 'A' posts is generally vested with which of the following authorities ?

(1) Head of the Office
(2) Head of the Department
(3) President
(4) Accountant General

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक तर्कसंगत निर्णय लेने का चरण *नहीं* है ?

(1) वैकल्पिक समाधानों का विश्लेषण करना
(2) निर्णय लेने की प्रक्रिया सौंपना
(3) निर्णय का कार्यान्वयन करना
(4) समस्या की पहचान करना

Which of the following is *not* a step in rational decision-making ?

(1) Analyzing alternative solutions
(2) Delegating decision-making
(3) Implementing the decision
(4) Identifying the problem

**62.** कौन-सा शैक्षिक मॉडल विद्यार्थियों को विभिन्न दृष्टिकोणों से समस्याओं को देखने में सहायता करने के लिए सादृश्य और रूपकों का उपयोग करके रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने पर केंद्रित है ?

(1) गैर-निर्देशात्मक मॉडल
(2) सिनेक्टिक्स मॉडल
(3) वैज्ञानिक पूछताछ मॉडल
(4) रचनात्मक मॉडल

Which educational model focuses on fostering creativity and innovation by using analogies and metaphors to help students view problems from different perspectives ?

(1) Non-directive model
(2) Synectics model
(3) Scientific inquiry model
(4) Creative model

63. पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के लिए विहित अधिकतम आयु सीमा क्या है ?

(1) 65 वर्ष (2) 60 वर्ष (3) 70 वर्ष (4) 75 वर्ष

What is the maximum age limit prescribed for the Chairman of the Pension Fund Regulatory and Development Authority, to hold the office ?

(1) 65 years (2) 60 years (3) 70 years (4) 75 years

64. केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली के अन्तर्गत किसी सरकारी कर्मचारी के लिए खेल संघ/खेल परिसंघ में एक अवधि के लिए निर्वाचित पद धारण करने हेतु विहित समय सीमा क्या है ?

(1) 4 वर्ष (2) 2 वर्ष (3) 5 वर्ष (4) 3 वर्ष

What is the time limit prescribed under the Central Civil Services (Conduct) Rules for a Government servant to hold an elected post in a Sports Association/Sports Federation for one term ?

(1) 4 years (2) 2 years (3) 5 years (4) 3 years

65. चल और अचल सम्पत्तियों के लेनदेन के सम्बन्ध में सरकारी कर्मचारी को अनुमति प्रदान करने के लिए केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 के अन्तर्गत विहित समय सीमा क्या है ?

(1) 45 दिन (2) 60 दिन (3) 30 दिन (4) 90 दिन

What is the time limit prescribed under the CCS (Conduct) Rules, 1964 for grant of permission to Government servant in relation to transactions in movable and immovable properties ?

(1) 45 days (2) 60 days (3) 30 days (4) 90 days

66. अंशदायी भविष्य निधि में शामिल होते समय एक अभिदाता, निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी के माध्यम से लेखा अधिकारी को नामांकन भेज सकता है ?

(1) संबंधित मंत्री (2) विभागाध्यक्ष

(3) मंत्रालय के सचिव (4) कार्यालय अध्यक्ष

A subscriber at the time of joining Contributory Provident Fund can send a nomination to the Accounts Officer through which of the following authorities ?

(1) The Minister concerned (2) Head of the Department

(3) Secretary of the Ministry (4) Head of the Office

67. केन्द्रीय सिविल सेवाएँ (सी.सी.ए.) नियमावली, 1965 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी लघु शास्ति *नहीं* है ?

(1) सेवा से हटाना

(2) वेतन वृद्धि रोकना

(3) पदोन्नति रोकना

(4) निंदा

Which of the following is *not* a minor penalty as per the CCS (CCA) Rules, 1965 ?

(1) Removal from service

(2) Withholding of increments of pay

(3) Withholding of promotion

(4) Censure



68. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत, आवेदन को सही लोक प्राधिकारी को कितने दिनों के भीतर हस्तांतरित किया जाता है ?

(1) तीन दिन (2) सात दिन

(3) पाँच दिन (4) दस दिन

Transfer of the application, under the RTI Act, 2005 to the correct public authority, shall be made within how many days ?

(1) Three days (2) Seven days

(3) Five days (4) Ten days

69. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय का बजट प्रभाग समय-समय पर बजट अनुमान तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा ?

(1) गृह मंत्रालय (2) रक्षा मंत्रालय

(3) वित्त मंत्रालय (4) वाणिज्य मंत्रालय

Budget Division of which of the following ministries shall issue guidelines for preparation of budget estimates from time-to-time ?

(1) Ministry of Home Affairs (2) Ministry of Defence

(3) Ministry of Finance (4) Ministry of Commerce

70. भारत सरकार का सचिव गृह नगर छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ लेने के लिए गृह नगर के संबंध में अपनी घोषणा किसको भेजेगा ?

(1) अवर सचिव

(2) लेखा अधिकारी

(3) उप सचिव

(4) संयुक्त सचिव

To whom will the Secretary to the Government of India communicate his declaration regarding Home Town for availing Home Town Leave Travel Concession ?

(1) Under Secretary

(2) Accounts Officer

(3) Deputy Secretary

(4) Joint Secretary

71. सामान्य वित्तीय नियमों के अनुसार, सरकार के लेखों को तीन भागों में रखा जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा लेखों का भाग *नहीं* है ?

(1) समेकित निधि (2) मुख्य शीर्ष

(3) सार्वजनिक खाता (4) आकस्मिकता निधि

The accounts of the Government, as per the General Financial Rules, shall be kept in three parts. Which of the following is *not* a part of accounts ?

(1) Consolidated Fund (2) Major Head

(3) Public Account (4) Contingency Fund

72. सी.एस.(एम.ए.) नियमों के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन-सा सरकारी कर्मचारी के परिवार का सदस्य होने से सुविधाओं का पात्र *नहीं* है ?

(1) 32 वर्ष की आयु की निर्भर अविवाहित पुत्री
(2) निर्भर संबंध-विच्छेदित बहन
(3) अवयस्क भाई
(4) कमाऊ अविवाहित पुत्री

Which of the following is *not* an eligible family member of a Government servant for concessions under the CS(MA) Rules ?

(1) Dependent unmarried daughter aged 32 years
(2) Dependent divorced sister
(3) Minor brother
(4) Earning unmarried daughter

73. भारत का संविधान निम्नलिखित में से किस तिथि को औपचारिक रूप से लागू हुआ था ?

(1) 26 जनवरी, 1950 (2) 26 जनवरी, 1952
(3) 26 नवम्बर, 1949 (4) 15 अगस्त,1947

On which of the following dates was the Constitution of India formally implemented ?

(1) 26th January, 1950 (2) 26th January, 1952
(3) 26th November, 1949 (4) 15th August, 1947

74. सी.एस.(एम.ए.) नियमों के अनुसार, कोई बालक निम्नलिखित में से कितनी आयु तक महिला अस्पताल में इलाज का अधिकारी (पात्र) है ?

(1) 6 माह (2) 6 वर्ष (3) 5 वर्ष (4) 2 वर्ष

As per the CS(MA) Rules, a male child is eligible for treatment in a women's hospital up to which of the following ages ?

(1) 6 months (2) 6 years (3) 5 years (4) 2 years

75. केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972, निम्नलिखित में से किस नियम संकलन में निहित हैं ?

(1) मूल नियम (सामान्य) (2) सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियम
(3) अनुपूरक नियम (4) सामान्य वित्तीय नियम

The CCS (Leave) Rules, 1972 are contained in which of the following compilations ?

(1) Fundamental Rules (General) (2) CCS (CCA) Rules
(3) Supplementary Rules (4) General Financial Rules



76. सरकारी कर्मचारी की सेवा की सामान्य शर्तें निम्नलिखित में से किस नियमावली में निहित हैं ?

(1) अनुपूरक नियम (2) मूल नियम
(3) सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियम (4) सामान्य वित्तीय नियम

General conditions of service of Government servants are contained in which of the following rules ?

(1) Supplementary Rules (2) Fundamental Rules
(3) CCS (CCA) Rules (4) General Financial Rules

77. किसी सरकारी कर्मचारी की वातानुकूलित-प्रथम श्रेणी में सरकारी दौरे पर रेल यात्रा की पात्रता हेतु न्यूनतम वेतन मैट्रिक्स स्तर क्या है ?

(1) 12 तथा अधिक
(2) 8 तथा अधिक
(3) 14 तथा अधिक
(4) 10 तथा अधिक

What is the minimum pay level in the pay matrix for the entitlement of a Government servant to travel by AC-I on government tour by train ?

(1) 12 and above
(2) 8 and above
(3) 14 and above
(4) 10 and above

78. किसी सरकारी कर्मचारी को किसी भी प्रकार की कितनी अधिकतम सतत छुट्टी प्रदान की जा सकती है ?

(1) 5 वर्ष (2) 6 माह (3) 30 दिन (4) 300 दिन

What is the maximum amount of continuous leave of any kind that can be granted to a Government servant ?

(1) 5 years (2) 6 months (3) 30 days (4) 300 days

79. यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार सरकारी कर्मचारी के परिवार की परिभाषा में सामान्यत: कितने बच्चे सम्मिलित हैं ?

(1) कोई सीमा विहित नहीं (2) केवल दो
(3) केवल एक (4) केवल तीन

How many children are normally included in the definition of family of a Government servant for the purpose of travelling allowance ?

(1) No limit prescribed (2) Only two
(3) Only one (4) Only three

80. किसी सरकारी कर्मचारी की दौरे पर हवाई यात्रा की पात्रता हेतु न्यूनतम वेतन मैट्रिक्स स्तर क्या है ?

(1) 6 तथा अधिक (2) 12 तथा अधिक
(3) 8 तथा अधिक (4) 14 तथा अधिक

What is the minimum pay level in the pay matrix for a Government servant to be eligible for air travel on tour ?

(1) 6 and above (2) 12 and above
(3) 8 and above (4) 14 and above

## भाग VI / Part VI

### भाषा सक्षमता परीक्षण (सामान्य अंग्रेज़ी) / Language Competency Test (General English)

**81.** Choose the word which is nearly opposite in meaning to the given word.
Genial
(1) Particular
(2) Formal
(3) Generous
(4) Unfriendly

**82.** Choose the option to fill in the blank with a suitable article (if required) in the given sentence.
Ram went to ________ hospital to meet his friend.
(1) No article
(2) a
(3) the
(4) an

**83.** Choose the option which is nearest in meaning to the given word.
Distended
(1) Deflated
(2) Bloated
(3) Debated
(4) Benign

**84.** Identify the meaning of the underlined idiom used in the given sentence.
We expected a favourable decision, but the committee hung fire.
(1) gave us more than we expected
(2) gave an adverse report
(3) postponed the decision
(4) hesitated

**85.** Choose the option to fill in the blank in the given sentence.
There is nothing new ________ the sun.
(1) around (2) above (3) below (4) under

**86.** Identify the Part of Speech of the underlined word in the following sentence.
It did not turn out like I intended.
(1) Conjunction
(2) Verb
(3) Noun
(4) Preposition



**87.** Choose the option in which Voice has been correctly changed in the given sentence.
Akbar laughed at Birbal's antics and did not agree to his proposal.
(1) Birbal was laughed and his proposal not agreed to by Akbar.
(2) Birbal's antics were laughed at and his proposal was not agreed by Akbar.
(3) Birbal's antics were laughed at by Akbar and his proposal was not agreed to.
(4) Birbal's antics were laughed at by Akbar and his proposal was not agreed.

**88.** Identify the Clause of the underlined words in the following sentence.
I went to the place where I could find him.
(1) Adjective
(2) Principal
(3) Noun
(4) Adverb

**89.** One of the parts of the following sentence may or may not have an error. Identify the one with the error, if any.

| This is the only one | of his poems | that are worth reading. | No error |
|---|---|---|---|
| A | B | C | D |

(1) B
(2) A
(3) D
(4) C

**90.** Choose the option in which the following jumbled groups of words can be correctly rearranged to form a meaningful sentence.
A. only once
B. he repeated the whole
C. accuracy after he
D. poem with perfect
E. had read it

Choose the correct answer :
(1) DACEB
(2) ABCDE
(3) BACDE
(4) BDCEA

## भाग VI / Part VI

### भाषा सक्षमता परीक्षण (सामान्य हिन्दी) / Language Competency Test (General Hindi)

91. 'पानी पीकर घर पूछना' मुहावरे का भाव है :
(1) आराम से विचार करना
(2) काम निकलने के बाद सोचना
(3) विपरीत काम करना
(4) अनोखा काम करना

92. 'जंगम' का विलोम शब्द है :
(1) अगम
(2) दुर्गम
(3) चंचल
(4) स्थावर

93. 'दुर्जन' शब्द का संधि-विच्छेद है :
(1) दु: + जन
(2) दु + अर्जन
(3) दुर + जन
(4) दुरा + जन

94. 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची शब्द है :
(1) करवाल
(2) चंद्रहास
(3) राजीव
(4) राकापति

95. 'अथ' का विलोम शब्द है :
(1) अनंत
(2) आदि
(3) उदय
(4) इति

96. निम्नलिखित में से व्यंजन संधि वाला शब्द कौन-सा है ?
(1) यथेष्ट
(2) अत्यधिक
(3) प्रत्येक
(4) उच्छवास

97. 'भोजन को पचाने वाली अग्नि' के लिए एक शब्द है :
(1) जठराग्नि
(2) बडवाग्नि
(3) मंदाग्नि
(4) दावाग्नि

98. 'वीणापाणि' शब्द में समास है :
(1) द्विगु
(2) कर्मधारय
(3) तत्पुरुष
(4) बहुब्रीहि

99. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है ?
(1) इष्ठ
(2) अभीष्ट
(3) ईर्ष्या
(4) पृष्ठ

100. 'जलनिधि' किसका पर्यायवाची शब्द है ?
(1) वर्षा
(2) झरना
(3) सरोवर
(4) सागर



## रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK